Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite the enquiry in the political murders during elections in Arunachal Pradesh.

श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व) : आदरणीय स्पीकर महोदय, यह एक ऐसा ईश्यू है, During the last Assembly and the Parliamentary Elections in अरुणाचल प्रदेश और हमारे क्षेत्र में 13 लोगों का पॉलिटिकल मर्डर हुआ था । 29 मार्च को एक हत्या हुई और 30 मार्च को मेरे ही एक कार्यकर्ता, एक जिला परिषद की लोंगडिंग और तिरप डिस्ट्रिक्ट में हत्या हुई थी । उससे भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना यह है कि सीटिंग एमएलए और उसके बेटे की 21 तारीख को हत्या हुई थी । इस केस को एनआईए को दिया गया है । लेकिन जो नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेन्सी है, अरुणाचल प्रदेश में एक ही क्वेश्चेनयर भेजा है । मैं उस परिवार के लिए चिंतित हूं, जिनके यहां हत्या हुई है । आज तक एक आदमी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है । इसलिए मैं अपनी सरकार से यह मांग करता हूं कि 13 लोगों की इलेक्शन में हत्या हुई थी, आज चार महीने हो गए हैं, लेकिन किसी को भी अरेस्ट नहीं किया गया है । इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि चाहे एनआईए हो, सीबीआई हो या जो भी एजेन्सी हो, वे उनको तुरंत न्याय दिलाएं ।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री तापिर गाव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।